बर्षः- 06
अंकः- 79
मुरादाबाद
(Thursday)
09 July 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक प्रातः कालीन
क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
मुरादाबाद से प्रकाशित

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

सीएम योगी ने कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा का किया शुभारंभ

धर्मनगरी पहुंचे CM योगी, बोले- चित्रकूट प्रभु राम के संबल का प्रतीक, लोक कल्याण के लिए सरकार संकल्पबद्ध

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दो दिवसीय दौरे पर चित्रकूट पहुंच गए हैं। देवांगना एयरपोर्ट पर जिला प्रशासन और वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया, जिसके बाद मुख्यमंत्री सीधे जनसभा स्थल पहुंचे हैं।एयरक्राफ्ट और फ्लाइट शुरू करने का आश्वासन

पिछली सरकारों ने चित्रकूट की पहचान का संकट किया खड़ा। आने जाने के साधन नहीं थे। वाल्मीकि आश्रम बदहाल था। चित्रकूट उपेक्षित था। कहा कि पहले दौरे पर ही निर्णय किया कि चित्रकूट बहुत कुछ पाने का अधिकारी है। उन्होंने पहाड़ पर बने चित्रकूट एयरपोर्ट को जल्द एयरक्राफ्ट देने और फ्लाइट शुरू करने का आश्वासन दिया।सीएम योगी ने कहा कि प्रभु राम के सहयोग की कृतज्ञता स्वरूप आज 950 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात मिल रही है। बोले कि महर्षि वाल्मीकि की आज्ञा से भगवान राम चित्रकूट आए और करीब 12 साल बिताए। यहीं से दंडकारण्य गए। रामायण की ये गाथा हमें नई प्रेरणा देती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन की शुरुआत %रामचंद्र की जय% के उद्घोष के साथ की। उन्होंने चित्रकूट को प्रभु राम के संबल का प्रतीक बताते हुए महर्षि वाल्मीकि की तपोभूमि, तुलसीदास की जन्मस्थली और मंदाकिनी-कामदगिरि जैसी पवित्र धरा को नमन किया।बता दें कि कुल 950 करोड़ की इन परियोजनाओं में 394.70 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और 556.18 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है। इसमें सबसे अधिक प्राथमिकता लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की 61 परियोजनाओं को दी गई है।एयरपोर्ट पर स्वागत के बाद मुख्यमंत्री का काफिला सीधे जनसभा स्थल के लिए रवाना हुआ। मुख्यमंत्री के जनसभा स्थल पर पहुंचते ही वहां मौजूद जनसैलाब ने उनका स्वागत किया। चित्रकूट के इस दौरे को विकास और जनकल्याणकारी परियोजनाओं के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

मुख्यमंत्री के आगमन के साथ ही अब क्षेत्र में 950 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास की औपचारिक शुरुआत होने जा रही है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को अपने दो दिवसीय दौरे के अंतर्गत चित्रकूट पहुंच गए हैं। देवांगना घाटी स्थित एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर उतरते ही पूरा वातावरण उत्साह से भर गया। आगमन के साथ ही प्रोटोकॉल के अनुसार स्थानीय अधिकारियों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उनकी अगवानी की।

भव्य स्वागत और सुरक्षा का घेरा हवाई अड्डे पर भाजपा जिला अध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, क्षेत्रीय अध्यक्ष राम किशोर साहू, कमिश्नर अजीत कुमार, डीआईजी राजेश एस, जिलाधिकारी पुलकित गर्ग और एसपी अरुण कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री की सुरक्षा और गरिमा को ध्यान में रखते हुए पूरे मार्ग पर विशेष सतर्कता बरती गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दो दिवसीय दौरे पर चित्रकूट पहुंच गए हैं। देवांगना एयरपोर्ट पर जिला प्रशासन और वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया, जिसके बाद मुख्यमंत्री सीधे जनसभा स्थल पहुंचे हैं।

पिछली सरकारों ने चित्रकूट की पहचान का संकट किया खड़ा। आने जाने के साधन नहीं थे। वाल्मीकि आश्रम बदहाल था। चित्रकूट उपेक्षित था। कहा कि पहले दौरे पर ही निर्णय किया कि चित्रकूट बहुत कुछ पाने का अधिकारी है। उन्होंने पहाड़ पर बने चित्रकूट एयरपोर्ट को जल्द एयरक्राफ्ट देने और फ्लाइट शुरू करने का आश्वासन दिया। सीएम योगी ने कहा कि प्रभु राम के सहयोग की कृतज्ञता स्वरूप आज 950 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात मिल रही है। बोले कि महर्षि वाल्मीकि की आज्ञा से भगवान राम चित्रकूट आए और करीब 12 साल बिताए। यहीं से दंडकारण्य गए। रामायण की ये गाथा हमें नई प्रेरणा देती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन की शुरुआत %रामचंद्र की जय% के उद्घोष के साथ की। उन्होंने चित्रकूट को प्रभु राम के संबल का प्रतीक बताते हुए महर्षि वाल्मीकि की तपोभूमि, तुलसीदास की जन्मस्थली और मंदाकिनी-कामदगिरि जैसी पवित्र धरा को नमन किया। बता दें कि कुल 950 करोड़ की इन परियोजनाओं में 394.70 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और 556.18 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है। इसमें सबसे अधिक प्राथमिकता लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की 61 परियोजनाओं को दी गई है।

संक्षिप्त समाचार

अयोध्या में रामलला का दर्शन करने पहुंचे एक्टर अनुपम खेर, चढ़ावा चोरी को लेकर दिया बयान

फिल्म अभिनेता अनुपम खेर अयोध्या के राम मंदिर में दर्शन करने पहुंचे और मंदिर में चढ़ावा चोरी को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि इससे लोगों की आस्था कम नहीं होगी।फिल्म अभिनेता अनुपम खेर ने राम मंदिर से जुड़े हालिया चोरी प्रकरण पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि किसी एक व्यक्ति के गलत कृत्य से मंदिर की गरिमा और श्रद्धालुओं की आस्था पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। अयोध्या में अपनी नई फिल्म श्री राम जन्मभूमि की शूटिंग शुरू करने से पहले हनुमानगढ़ी और रामजन्मभूमि में दर्शन-पूजन के बाद उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि घर में चोरी होने पर लोग चोर को कोसते हैं, घर को नहीं। उन्होंने कहा कि जिस राम मंदिर के निर्माण के लिए सदियों का संघर्ष हुआ, उसकी प्रतिष्ठा कुछ लोगों की गलत हरकतों से कम नहीं हो सकती। गलत काम करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए लेकिन मंदिर, भगवान श्रीराम और सनातन धर्म को इससे जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए।अनुपम खेर ने कहा कि दान श्रद्धा और विश्वास का विषय है। किसी घटना के कारण लोगों की आस्था डगमगानी नहीं चाहिए। उन्होंने बताया कि उनकी नई फिल्म श्री राम जन्मभूमि% की शूटिंग अयोध्या में 10 से 12 दिनों तक चलेगी और इसकी शुरुआत भगवान श्रीराम व हनुमान जी के आशीर्वाद से की गई है।

प्रम्बानन मंदिर भ्रमण के साथ इंडोनेशिया दौरा पूरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुबियांतो के साथ प्रम्बानन मंदिर पहुंचे। पीएम मोदी के दौरे की तस्वीरें सामने आई हैं। पीएम मोदी इंडोनेशियाई राष्ट्रपति के साथ विमान से यूनेस्को की विश्व धरोहर देखने पहुंचे। उन्होंने इस धरोहर को देखने के बाद कहा कि इंडोनेशिया की हवा में संस्कृति की खुशबू है। इंडोनेशिया यात्रा पूरी करने के बाद प्रधानमंत्री ऑस्ट्रेलिया रवाना हो गए। पीएम मोदी की यात्रा को लेकर ऑस्ट्रेलिया में भारतीय उच्चायुक्त नागेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री अल्बानीज के साथ उनकी बैठकों में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि तीसरे वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए मेलबर्न आ रहे प्रधानमंत्री की इस यात्रा का एजेंडा बहुत व्यापक है। उन्होंने कहा, 2022 में दोनों देशों के बीच व्यापक

रणनीतिक साझेदारी पर हस्ताक्षर किए गए थे। दोनों प्रधानमंत्रियों के पास रणनीतिक साझेदारी और आगे की दिशा तय करने का अवसर है। भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंध सबसे तेजी से बढ़ते और सबसे महत्वपूर्ण संबंधों में से एक हैं। उच्चायुक्त के मुताबिक दोनों देशों के बीच रक्षा से लेकर व्यापार और निवेश, स्वच्छ प्रौद्योगिकी, जन-संपर्क, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों, शिक्षा जैसे तमाम पहलुओं पर विस्तार से बातचीत होगी।6 से 8 जुलाई तक तीन दिवसीय इंडोनेशिया यात्रा के बाद पीएम मोदी ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न के लिए रवाना हो गए। अपने तीसरे आधिकारिक दौरे पर जा रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को ऑस्ट्रेलिया में रहेंगे। 12 साल के अंतराल के बाद मेलबर्न जा रहे पीएम मोदी ने आखिरी दौरा नवंबर 2014 में किया था। वे मई 2023 में भी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गए थे।ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले कई अन्य लोगों ने भी बताया कि भारत के साथ सांस्कृतिक रिश्ता काफी मजबूत है। रोजमर्रा की जरूरतों, किराना दुकानों, मंदिरों और चर्चों को पारंपरिक विरासत के साथ यहां रहने वाले लोग सहजता से जुड़ जाते हैं। क्लेटन में रहने वाली प्रवासी समुदाय की अदिति पटेल भी प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर उत्साहित दिखीं। उन्होंने कहा कि अपने देश जैसी सुविधाओं की उपलब्धता विदेश में रहने को एक सुखद अनुभव बनाती है। उन्होंने कहा, %यहां आनंद लेने के लिए बहुत कुछ है। यहां सभी किराने की दुकानें, रेस्तरां, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मंदिर और चर्च मौजूद हैं। हम यहां का भरपूर आनंद लेते हैं। प्रधानमंत्री के यहां आने से मैं बहुत उत्साहित हूं। मैं उनसे मिलना चाहती थी, लेकिन मुझे विश्वविद्यालय का कुछ काम है। मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है कि वे मेलबर्न आ रहे हैं।क्लेटन में रहने वाले भारतीय प्रवासी स्मित मूल रूप से गुजरात के सूरत से हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के अधिकांश रेस्तरां भारतीय रेस्तरां हैं। स्मित ने बताया, %यहां कई समुदाय रहते हैं, लेकिन मैं कह सकता हूं कि इस क्षेत्र की 50-60त्न आबादी भारतीयों की है। इसीलिए इसे मिनी इंडिया% कहा जाता है। इसके आसपास के उपनगरों में भी भारतीय और एशियाई आबादी है। यहां घर जैसा महसूस होता है। प्रधानमंत्री के मेलबर्न दौरे से मैं बहुत उत्साहित हूं।

विवादों से परहेज, आस्था को सहेज... विधानसभा चुनाव 2027 के मद्देनजर सपा ने बनाई नई रणनीति

समाजवादी पार्टी ने अपनी छवि बदलने की रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है। पार्टी अब पीडीए के सोशल इंजीनियरिंग फॉर्मूले के साथ सनातनी प्रतीकों पर भी काम करना शुरू कर दिया है।उत्तर प्रदेश की सियासत में समाजवादी पार्टी ने बड़े वैचारिक और रणनीतिक बदलाव के संकेत दिए हैं। पार्टी ने अब विवादित मुद्दों से दूरी बनाते हुए हिंदू प्रतीकों के इस्तेमाल की सोची-समझी रणनीति पर अमल करना शुरू कर दिया है। इस नई दिशा का सबसे ताजा उदाहरण राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मुद्दे को प्रमुखता से उठाना है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इससे सपा आमजन के बीच खुद को सनातनी और हिंदू सरोकारों के प्रति संवेदनशील पार्टी के रूप में स्थापित करने का प्रयास कर

रही है। पार्टी अब उन प्रतीकों और आस्था के केंद्रों से जुड़े मुद्दों पर मुखर हो रही है, जिन पर अमूमन भाजपा का एकाधिकार माना जाता था। राम मंदिर से जुड़े मामले पर पार्टी का रुख साफ करता है कि वह बहुसंख्यक समाज की आस्था से जुड़े विषयों पर बैकफुट पर रहने के मूड में नहीं है। विवादों से किनारा करना सपा की चुनावी रणनीति का दूसरा अहम पहलू है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने अपने नेताओं को स्पष्ट संकेत दिया है कि ऐसी किसी भी संवेदनशील या धार्मिक बयानबाजी से बचा जाए जिससे समाज में धार्मिक ध्रुवीकरण की स्थिति पैदा हो या पार्टी पर तुष्टिकरण का ठप्पा लगे। अतीत के अनुभवों से सीख लेते हुए सपा अब अपनी छवि को अधिक समावेशी और सांस्कृतिक रूप से स्वीकार्य बनाने में जुटी है। जनाधार बढ़ाने का संजीदा प्रयास- सपा का यह बदला हुआ अंदाज आगामी चुनावों के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के सोशल इंजीनियरिंग फॉर्मूले के साथ सनातनी प्रतीकों पर काम अपनाकर जनाधार बढ़ाने के उसके संजीदा प्रयासों का हिस्सा है। यह देखना दिलचस्प होगा कि सपा की यह नई राजनीतिक पिच उसे जमीन पर कितना फायदा पहुंचाती है।

इन सीटों पर बसपा खेल सकती है मुस्लिम कार्ड, चुनाव से पहले ये परिवार हो सकता है हाथी पर सवार; वापसी का गणित

यूपी में मेरठ शहर और दक्षिण विस सीटों पर बसपा मुस्लिम कार्ड खेल सकती है। चुनाव से पहले एक परिवार हाथी पर सवार हो सकता है। रणनीतिकारों का दावा है कि मेरठ की सातों सीटों पर मजबूत प्रत्याशी उतारे जाएंगे।जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी के नारे को बसपा आगामी विधानसभा चुनाव में साकार करने के फार्मूले पर काम कर रही है। इसके लिए पार्टी मेरठ शहर और दक्षिण विधान सभा सीटों पर मुस्लिम कार्ड खेल सकती है। कहा जा रहा है कि विस चुनाव से पहले अखलाक परिवार हाथी की सवारी कर सकता है। वर्ष 2012 के विस चुनाव के बाद से बसपा का ग्राफ यूपी में लगातार गिरता चला गया। बसपा ने पूर्व में दलित, मुस्लिम, ओबीसी और ब्राह्मणों को साधकर यूपी की सत्ता हासिल की थी। मुस्लिम, ओबीसी ने जब से बसपा से किनारा किया तो बसपा पश्चिमी यूपी से पूरी तरह साफ हो गई। अब फिर से बसपा सोशल

इंजीनियरिंग के माध्यम यूपी की सत्ता में वापसी का गणित बैठा रही है। अगर हम मेरठ शहर और मेरठ दक्षिण विधान सभा सीट की बात करें तो ये दोनों सीटें मुस्लिम बाहुल्य मानी जाती हैं। जातीय आंकड़ों पर नजर डालें तो शहर सीट पर 1.70 लाख मुस्लिम मतदाता हैं।बसपा का कोर वोट बैंक जाटव समाज की तादात 26 हजार है। इसी तरह मेरठ दक्षिण सीट पर 1.80 लाख मुस्लिम और 95 हजार दलित वोट बैंक है। इसीलिए मेरठ की इन दोनों सीटों पर बसपा मुस्लिम कार्ड खेलने की तैयारी में है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी मुनकाद अली का कहना है कि मुस्लिम समाज के प्रभावशाली नेताओं ने पार्टी से संपर्क किया है। इनके प्रस्तावों पर विचार किया जा सकता है। मेरठ के पुराने बसपाई अखलाक परिवार की बसपा से करीबी छिपी नहीं है। राशिद अखलाक 2012 में बसपा से मेरठ दक्षिण सीट से विधान सभा चुनाव सिर्फ छह हजार वोट से हारे थे। इनके पिता शहर से विधायक रहे और भाई शाहिद अखलाक सांसद और मेरठ के महापौर रहे हैं। इसका फायदा उनको चुनाव में मिल सकता है। पार्टी के नेताओं से लगातार संपर्क में हैं राशिद अखलाक- इसलिए बसपा से मेरठ शहर और दक्षिण विधान सभा में से किसी एक से टिकट की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में बसपा के जिलाध्यक्ष मोहित जाटव का कहना है कि पार्टी मेरठ शहर या दक्षिण विधान सभा सीट पर नहीं बल्कि मेरठ की सभी सातों सीटों पर मजबूत प्रत्याशी उतारेगी। बड़े स्तर पर सभाएं करके प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी। राशिद अखलाक पार्टी के नेताओं से लगातार संपर्क में हैं।

राम मंदिर चढ़ावा चोरीः ट्रस्ट की ट्रेजरी भी चला रहे थे चंपत, गोविंद देव सिर्फ नाम के कोषाध्यक्षः हुआ खुलासा

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक होने के बाद आ रहे तमाम बयानों से और परतें खुलने लगी हैं। अब सामने आया है कि ट्रस्ट की ट्रेजरी भी चंपत ही चला रहे थे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक होने के बाद आ रहे तमाम बयानों से और परतें खुलने लगी हैं। ट्रस्ट के ट्रेजरी प्रभारी भले ही गोविंद देव गिरी हैं लेकिन उसकी चाबी चंपत राय के पास ही थे। बतौर महासचिव वही पूरा लेनदेन, खर्च आदि देख रहे थे। गोविंद देव सिर्फ नाम के कोषाध्यक्ष थे। कोई नहीं, गोविंद ने ही कुछ ऐसे बयान दिए, जिससे इस बात की पुष्टि होती है। ट्रस्ट की बैठक से पहले गोविंद देव गिरी ने एक बयान जारी किया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि वह अधिकतर प्रवास पर रहते हैं। एक डेढ़ महीने में वह अयोध्या आते हैं। वह प्रत्येक महीने पुणे से उनकी टीम के सीए आदि आते हैं जो पूरा लेखा जोखा तैयार करते है। इसके अलावा उन्होंने स्पष्ट किया था बैंक संबंधी व्यय आदि के मामले में उनके कहीं कोई हस्ताक्षर नहीं होते हैं। यहां तक कि गणना प्रक्रिया पहली बार पिछले महीने समझी थी, आज तक उनको पता नहीं था कि क्या प्रक्रिया होती है। बाद में जो उन्होंने बयान भी दिए

संपादकीय Editorial

These advocates of Pakistan

Why should India negotiate with Pakistan? Why restore diplomatic, cultural, social, and professional relations? Should a terrorist state be taught a lesson or should love be expressed through dialogue? Have the 117 faces who are advocating for Pakistan today forgotten that 'Operation Sindoor' is still ongoing? Have they forgotten the massacre in Pahalgam? Have they forgotten the sacrifice of the 40 'martyrs' in Pulwama? Have they forgotten the conspiracies of pro-Pakistan demons and murderers, from Uri to the 26/11 Mumbai terror attacks? Have these advocates lost any of their loved ones to terrorism? How and who can forget the suffering, the murder, the pain, the emptiness, the empty courtyards, the ruined vermillion? What compels India to negotiate with Pakistan's terrorist, murderous regime? What does this hungry, naked, and indebted country have that it can provide India? And what guarantee is there that tensions on the borders will subside after dialogue and relations are restored? Terrorists will not be sent across the border? Will anti-India propaganda, under the guise of Kashmir, cease on global platforms? Has the snake ever changed its nature? The 117 people who have written an open letter to Prime Minister Modi and alleged Prime Minister Shahbaz Sharif, urging India-Pakistan dialogue and better, more effective relations, include former Jammu and Kashmir Chief Ministers Dr. Farooq Abdullah and Mehbooba Mufti, as well as former Union Ministers Mani Shankar Aiyar and Saifuddin Soz. Mani Shankar went to Pakistan with Salman Khurshid to plead for help in removing the Modi government. This incident occurred in November 2015. Both alleged Congress leaders had said that India-Pakistan relations could not improve without removing Modi. Now that they are included in the list of advocates, that claim is completely meaningless. Former head of the intelligence agency RAW, A.S. Dulat, is also on the list. He is well-versed in the very core of Pakistan and has witnessed numerous terrorist attacks. We don't know how prominent diplomats like OP Shah, Manoj Jha, Jawahar Sarkar, etc. are, but the 61 Indian names on the list are undoubtedly staunch opponents of Prime Minister Modi and pro-Pakistan figures. Who cares about them today? What relevance do they have? Has any of them written a letter to the Prime Minister of Pakistan urging him to stop breeding terrorist snakes? To dismantle their bases. The government and military should also stop financially supporting terrorists and providing them "jihadi support." In fact, whenever terrorism is mentioned, these advocates start stammering or resort to abusive language. A Pakistani minister is threatening to stockpile 130 nuclear weapons for India. Former Foreign Minister Bilawal Bhutto is currently threatening "nuclear war." One nefarious minister even said that if anyone touches water, they will break his hand. Pakistan's alleged Deputy Prime Minister, Ishaq Dar, considers blocking the Indus River waters an act of war. Has Pakistan forgotten the attacks of "Operation Sindoor," in which 11 of its airbases were razed to the ground? Anyway, will India negotiate with a government run by such terrorist, threatening ministers? Why would it? Have these 117 "retired faces" forgotten that terrorists based and active in Pakistan have killed over 40,000 innocent people, destroyed monasteries and temples, and violated the dignity and honour of women? Who in Pakistan wants better relations? The people lack even flour, pulses, rice, sugar, fruits, and vegetables. Are such people fully aware of the horrific, ugly realities? Pakistan should first calm the situation in Balochistan, Khyber, and so-called Azad Kashmir, where the nefarious army is openly gunning down civilians.

India-China Development Model: Why India Shouldn't Be Like China, There Are Many Reasons

Nooyi described India as a country full of turmoil, while China is a country of uniformity. Does rapid development only mean tall buildings and wide roads? Or does a country's true strength also lie in its citizens' freedom, democratic institutions, and social balance? Former PepsiCo CEO Indra Nooyi made an important observation regarding the development models of India and China. Indeed, Nooyi described India as a country full of turmoil, while China is a country of uniformity. Nooyi's views have once again brought to the fore a debate that has arisen periodically over the years. The question remains: should India be like China? Does rapid development only mean tall buildings, wide roads, huge factories, and bullet trains? Or does a country's true strength also lie in its citizens' freedom, democratic institutions, and social balance?

It is true that India and China are both major Asian economies, but the foundations of their development journeys are completely different. India's history, democratic tradition, social diversity, and constitutional system distinguish it from China. Therefore, while it's natural to compare India to China, it's equally important to understand that India's path is different. Perhaps this is its greatest strength. The reality behind China's development model: If we look at this comparison objectively, China's development model appears attractive, but it also has a rigid administrative system behind it. The Communist Party has a one-party system, where the government's decisions are considered final. Decisions related to the construction of major infrastructure are made very quickly and implemented, but it's also true that citizens there lack the freedom to oppose government decisions or challenge them in court, unlike in India. If a project requires the displacement of thousands of people, the process is completed in a very short time.

In India, the process goes through multiple stages, from land acquisition to environmental clearance and judicial review. This often delays projects, but this is the price of democracy. Here, even an ordinary farmer can approach the court. The government's decision can be challenged. This democratic system is the greatest safeguard for citizens' rights.

This is why India's development journey sometimes appears slow, but its foundation rests on dialogue, consensus, and the rule of law. The pace of development is important, but even more important is that the development process be equitable and ensure the participation of all sections of society.

Furthermore, China's development model is facing many new challenges today. Due to the decades-long "one-child policy," the population balance is rapidly changing. The working-age population is declining. The number of elderly people is steadily increasing. This is having an impact on both the economy and the labor market.

Mental stress, loneliness, and excessive competition have also become serious concerns in Chinese society. In recent years, trends like "tangping," meaning "lying down," and "balan," have been discussed worldwide. Through these trends, a large number of young people are talking about distancing themselves from the highly competitive lifestyle. They want to break away from the traditional race for success in search of a better life. This situation shows that economic development alone cannot solve all the problems of a society.

India's greatest strengths lie in its young population, strong family system, and social diversity. Here, the family remains the greatest foundation of social security. There is a tradition of dialogue in society. There is space for dissent. There is also freedom to express one's views through democratic institutions. These characteristics provide India with a distinct development model. From a religious and cultural perspective, the differences between India and China are even more pronounced.

In China, the state has deep control over religious activities and cultural expressions. Whether it is the Buddhist tradition of Tibet or the issues related to Uighur Muslims in the Xinjiang region, these issues have been continuously discussed internationally. Even religious institutions there can operate only within the limits set by the state.

India, with its Vasudhaiva Kutumbakam and Sarvadharma Samabhava (the world is one family and all religious harmony), presents a completely different picture. This is a country of diversity, where different religions, languages, traditions, and ways of life have co-evolved over centuries. Ideas like Vasudhaiva Kutumbakam and Sarvadharma Samabhava are not limited to our scriptures but are also a part of our social life.

The language changes every few kilometers. Food habits change. Folk traditions change, but this diversity becomes India's greatest cultural strength. India's democracy is not limited to elections alone. Perhaps the essence of Indra Nooyi's comment is that India should recognize its strengths. There is no need to blindly adopt another country's model. Every country has its own historical circumstances, social structure, and political system. The model that worked for China may not necessarily be the same for India. Today, as India moves towards the goal of a 'developed India,' the biggest challenge before us is not just achieving rapid economic growth.The challenge is also to ensure development that safeguards citizen dignity, protects the environment, strengthens the justice system, and maintains social diversity. Indeed, a nation's success cannot be measured solely by its GDP. Equally important are its citizens' freedom, their access to justice, their cultural identity, and their freedom to express themselves. India's greatest asset is its democratic consciousness. Here, development does not simply mean economic progress, but progress with social justice, constitutional values, and human dignity. This is the path that gives India a distinct identity in the world. Undoubtedly, India faces many challenges, but their solutions will not be found by weakening democratic institutions, but by making them more efficient, transparent, and accountable. The dream of a "developed India" will be realized only when strong institutions are built alongside tall buildings. A fast-growing economy enhances citizens' trust. Modern technology sustains human sensibilities. Cultural self-confidence continues to strengthen alongside economic prosperity.

Relevance of SIT: When and why is this team necessary?

The full form of SIT stands for 'Special Investigation Team'. In India, it can be formed by the Supreme Court, High Court, Central Government, or State Government. Nowadays, when the general police are no longer trusted to investigate major scams, riots, or sensitive cases, a Special Investigation Team (SIT) is formed. This is a special team created for impartial and speedy investigation of serious crimes. Ever since the scam involving donations for the Shri Ram Temple in Ayodhya came to light, the term 'SIT' has become increasingly discussed. For the average citizen, it can be understood simply this way: Just as special coaches and referees are called in to replace players when a major game goes awry, the SIT is expected to operate impartially and transparently, unlike regular investigating agencies. The full form of SIT stands for Special Investigation Team. In India, it can be formed by the Supreme Court, High Court, Central Government, or State Government. Its primary purpose is to investigate cases where the regular police force proves inadequate, such as those involving political influence, major scams, communal riots, or complex financial crimes. According to the law, a preliminary report, or FIR, is essential for forming an SIT. Under Section 154 of the CrPC (now BNSS), whenever a cognizable offense is reported, the police must register an FIR. An SIT cannot be formed without an FIR. If the police do not register an FIR, the victim can approach a higher authority or magistrate. In several decisions, the Supreme Court has clearly stated that an investigation cannot begin without an FIR. Under the Constitution and the law, the SIT is granted complete freedom to question witnesses related to a criminal case, collect evidence, and conduct raids. If necessary, it can also use forensic investigations, digital evidence, and experts. Upon completion of the investigation, it submits a report to the court, which is the basis for the trial. It is noteworthy that the SIT report is considered a crucial piece of evidence in court, but the final decision rests with the court. Now, regarding the difference between a court-appointed SIT and a government-appointed SIT, a government-appointed SIT can be formed by any state government or the central government. However, it carries a greater risk of political influence. Since the team members are government officials, questions about impartiality can arise. On the other hand, a court-appointed SIT is ordered by the Supreme Court or High Court. This SIT is considered more impartial and independent because it is under court supervision. The court can periodically review the SIT's work and issue further instructions. It is noteworthy that people have greater trust in a court-appointed SIT because it operates under the aegis of the judiciary, above the government. Numerous SITs have been formed in India's history, playing a significant role. The Supreme Court formed SITs in several cases related to the 2002 Gujarat riots. This team, led by former CBI Director R.K. Raghavan, did secure convictions in some cases. However, some cases were also controversial. In the 2G spectrum scam, a special court was formed in addition to the CBI investigation, which played a role similar to that of the SIT, but ultimately resulted in the acquittal of all the accused. This means that whether it's an SIT or a CBI, they must gather strong evidence, otherwise the case weakens. Successes have been achieved when the SIT is independent and the evidence.

अब फायर सेफ्टी मानकों पर घिरी आजम खां की जौहर यूनिवर्सिटी, सात दिन में मांगे दस्तावेज, जारी किया गया नोटिस

रामपुर स्थित जौहर यूनिवर्सिटी के 22 भवनों में फायर सेफ्टी मानकों की अनदेखी मिलने पर अग्निशमन विभाग ने नोटिस जारी किया है। विश्वविद्यालय प्रबंधन से सात दिन के भीतर भवनों के दस्तावेज और सुरक्षा संबंधी अभिलेख मांगे गए हैं। निर्धारित समय में जवाब न मिलने पर विभाग ने दी है।सपा नेता आजम खां फायर सेफ्टी मानकों को लेकर 22 भवनों में फायर सेफ्टी पर अग्निशमन विभाग ने के भीतर भवनों के अभिलेख पर विभाग ने विधिक कार्रवाई विभाग की सख्ती के बाद यूनिवर्सिटी पर शिकंजा कसा विकास प्राधिकरण ने मानचित्र

कानूनी कार्रवाई की चेतावनी की जौहर यूनिवर्सिटी अब घिर गई है। यूनिवर्सिटी के नियमों की अनदेखी मिलने नोटिस जारी कर सात दिन मांगे हैं। जवाब न मिलने की चेतावनी दी है। आयकर अब प्रशासन ने जौहर है। पिछले दिनों रामपुर स्वीकृत न होने पर विश्वविद्यालय प्रबंधन को नोटिस जारी किया था।इसके बाद 29 जून और एक जुलाई को फायर विभाग की टीम ने विश्वविद्यालय परिसर का संयुक्त अग्नि सुरक्षा ऑडिट और भौतिक निरीक्षण किया। जांच में कई कमियां मिलने पर विभाग ने नोटिस जारी कर सभी कमियों को दूर करने, आवश्यक फायर सेफ्टी सिस्टम, आपातकालीन निकास, अग्निशमन उपकरण और अन्य सुरक्षा व्यवस्थाएं तय मानकों के अनुरूप स्थापित कराने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने सभी भवनों की ड्राइंग संबंधी दस्तावेज भी सात दिन के भीतर उपलब्ध कराने को कहा है।इन भवनों में मिलीं कमियां- शैक्षणिक भवन, प्रशासनिक ब्लॉक, मेडिकल कॉलेज, पुस्तकालय, छात्र-छात्रा छात्रावास, आवासीय परिसर और ऑडिटोरियम सहित विश्वविद्यालय के 22 ब्लॉकों की जांच की गई। जांच में अधिकांश भवनों में भारतीय मानक ब्यूरो तथा अग्निशमन एवं आपात सेवा अधिनियम के अनुरूप अग्नि सुरक्षा प्रबंध अधूरे मिले। आपातकालीन निकासी की व्यवस्था भी नहीं मिली- यूनिवर्सिटी परिसर के कई स्थानों पर अग्निशामक यंत्रों की संख्या निर्धारित मानकों से कम पाई गई। कई भवनों में आपातकालीन निकास, सीढ़ियों की चौड़ाई और अन्य सुरक्षा इंतजाम भी मानक के अनुरूप नहीं मिले। आवासीय ब्लॉकों में अग्निशमन व्यवस्थाएं बेहद कमजोर मिलीं, जबकि ऑडिटोरियम की होजरील प्रणाली बंद हालत में पाई गई। पिछले दिनों जौहर विश्वविद्यालय में अग्नि सुरक्षा ऑडिट किया गया था, जिसमें तमाम कमियां मिली थीं। इस पर नोटिस जारी कर सात दिन के भीतर भवनों के अभिलेख मांगे गए हैं। यदि निर्धारित अवधि में अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए गए या नोटिस में दिए गए निर्देशों का पालन नहीं किया गया, तो उत्तर प्रदेश अग्निशमन एवं आपात सेवा अधिनियम-2022 और नियमावली-2024 के तहत विश्वविद्यालय प्रबंधन के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। -विजय कुमार सिंह, मुख्य अग्निशमन अधिकारीआरडीए भी दे चुका है नोटिस- पिछले माह रामपुर विकास प्राधिकरण की टीम ने 38 भवनों के स्वीकृत मानचित्र प्रस्तुत न किए जाने पर जौहर यूनिवर्सिटी को नोटिस जारी किया था। इसका जवाब अभी यूनिवर्सिटी की ओर से नहीं आया है। प्रशासन ने इस मामले में हाईकोर्ट में कैविएट भी दाखिल की है, ताकि यदि यूनिवर्सिटी हाईकोर्ट की शरण ले तो प्रशासन का पक्ष भी सुना जा सके।

कल मेरी शादी है बिजली गुल होते ही शिकायत लेकर बिजलीघर पहुंच गया दूल्हा, अफसर भी रह गए हैरान

मुरादाबाद में घंटों बिजली कटौती से लोग परेशान रहे। इस बीच शादी से एक दिन पहले घर में बिजली गुल होने पर एक दूल्हा खुद बिजलीघर पहुंच गया और अधिकारियों से जल्द आपूर्ति बहाल करने की गुहार लगाई। वहीं कई इलाकों में फॉल्ट और वोल्टेज की समस्या के बाद बिजली व्यवस्था सामान्य की गई।मुरादाबाद में मंगलवार को भीषण गर्मी और उमस के बीच बिजली व्यवस्था पूरी तरह लड़खड़ा गई। शहर के कई इलाकों में घंटों बिजली गुल रही। इससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस बीच लाइनपार स्थित धक्का बिजलीघर में अजीब नजारा सामने आया।अपनी शादी से एक दिन पहले एक दूल्हा बिजली नहीं आने की शिकायत लेकर खुद बिजलीघर पहुंच गया। रामलीला मैदान के पास रहने वाले युवक की बुधवार को शादी है। घर में बारात की तैयारियां, रिश्तेदारों का आना-जाना और अन्य रस्में चल रही थीं।इसी दौरान इलाके की बिजली गुल हो गई। काफी देर तक आपूर्ति बहाल नहीं होने पर दूल्हा खुद बिजलीघर पहुंचा और अधिकारियों से कहा कि कल मेरी शादी है, घर में अंधेरा है, जल्द बिजली चालू कराइए। दूल्हे की बात सुनकर बिजलीघर में मौजूद कर्मचारी और अन्य लोग भी कुछ देर के लिए हैरान रह गए।उधर, दौलतबाग बिजलीघर से जुड़े क्षेत्रों में सुबह करीब 10 बजे हाईटेंशन लाइन का जंपर टूटने से बिजली आपूर्ति ठप हो गई। दौलतबाग, तहसील स्कूल और दीवान का बाजार क्षेत्र के लोगों को करीब छह घंटे तक बिजली कटौती झेलनी पड़ी। बिजलीघर का फोन नहीं उठने पर लोगों ने अधिकारियों से संपर्क किया, तब जाकर फॉल्ट की जानकारी मिल सकी। शाम करीब चार बजे आपूर्ति बहाल होने पर लोगों ने राहत की सांस ली। बुद्धि विहार क्षेत्र में दोपहर के समय लो और हाई वोल्टेज की समस्या भी बनी रही। कभी कम वोल्टेज से घरेलू उपकरण ठीक से नहीं चले तो कभी हाई वोल्टेज के कारण कई घरों की एलईडी खराब हो गईं। जांच में फ्यूज ढीला मिलने पर उसे ठीक किया गया, जिसके बाद वोल्टेज सामान्य हो गया।सीतापुरी क्षेत्र में एबीसी वायर में आग लगने से भी कुछ समय के लिए बिजली आपूर्ति बाधित रही। अधीक्षण अभियंता प्रशांत कुमार ने बताया कि दौलतबाग क्षेत्र में क्षतिग्रस्त जंपर बदल दिया गया है और सभी प्रभावित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति सामान्य कर दी गई है।

भड़काऊ भाषण प्रकरण: सपा नेता आजम खां की बरी को चुनौती, 18 जुलाई को फैसला सुना सकती है कोर्ट

सपा नेता आजम खां को भड़काऊ भाषण मामले में बरी किए जाने के खिलाफ दायर अपील पर सेशन कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई है। अब इस मामले में 18 जुलाई को फैसला आने की संभावना है। सपा नेता आजम खां को भड़काऊ भाषण के कोर्ट में दायर अपील पर सुनवाई पूरी हो गई संभावना है। बहस के दौरान अपीलकर्ता फैसल प्रवक्ता फैसल खां लाला ने शहर कोतवाली में दर्ज कराई थी। आरोप था कि 29 मार्च 2019 प्रसारित हुआ था।इस मामले में चुनाव आचार धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जांच न्यायालय में दाखिल किया था। मामले की हुई थी।18 दिसंबर 2025 को न्यायालय ने फैसले के खिलाफ फैसल खां लाला ने एमपी- थी। मंगलवार को इस अपील पर बहस पूरी को फैसला सुनाए जाने की संभावना है। आजम खां के आरपीएस स्कूल की फर्जी तरीके

एक मामले में बरी किए जाने के फैसले के खिलाफ सेशन है। अब इस मामले में 18 जुलाई को फैसला सुनाए जाने की खां लाला भी कोर्ट में मौजूद रहे। आम आदमी पार्टी के प्रदेश दो अप्रैल 2019 को सपा नेता आजम खां के खिलाफ रिपोर्ट को सपा कार्यालय में दिए गए उनके भाषण का वीडियो संहिता उल्लंघन, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम सहित अन्य पूरी होने के बाद पुलिस ने आजम खां के खिलाफ आरोपपत्र सुनवाई एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में साक्ष्य के अभाव में आजम खां को बरी कर दिया था। इस एमएलए स्पेशल कोर्ट (सेशन ट्रायल) में अपील दायर की हो गई। फैसल खां लाला ने बताया कि मामले में 18 जुलाई आरपीएस मामले में 21 जुलाई को होगी सुनवाई- सपा नेता से मान्यता लेने के मामले में मंगलवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले की अगली सुनवाई 21 जुलाई को होगी। सपा नेता आजम खां समेत कई अन्य लोगों के खिलाफ रामपुर पब्लिक स्कूल की फर्जी तरीके से मान्यता लेने का मामला दर्ज कराया गया था। इस मामले की कोर्ट में सुनवाई चल रही है। मंगलवार को सुनवाई प्रस्तावित थी, लेकिन नहीं हो सकी। अब मामले की सुनवाई 21 जुलाई को होगी।

बिलारी में चारागाह की भूमि पर काट दिए थे पट्टे, अब किए जाएंगे निरस्त, संभल प्रकरण के बाद हड़कंप

मुरादाबाद के बिलारी तहसील स्थित जटपुरा गांव में वर्ष 1997 में चरागाह की भूमि पर किए गए 20 पट्टे निरस्त किए जाएंगे। राजस्व परिषद के निर्देश पर हुई जांच में अनियमितता सामने आने के बाद तहसील प्रशासन ने सभी आवंटियों के नाम राजस्व अभिलेखों से हटाने की संस्तुति कर दी है।बिलारी तहसील के जटपुरा गांव में जून 1997 में चरागाह की भूमि पर किए गए बीस पट्टे निरस्त किए जाएंगे। चरागाह की भूमि पर बीस लोगों के नाम पट्टे कर हुई जांच में खुलासा होने पर चरागाह की भूमि से संबंधित संस्तुति की गई है। पिछले महीने आयुक्त एवं सचिव कांफ्रेंसिंग में चरागाह भूमि से संबंधित जानकारी मांगी में 11 जून 1997 को चरागाह की भूमि गाटा संख्या 469 किए जाने का मामला सामने आया।यह स्वीकृति जून की गई। चरागाह भूमि आवंटन संबंधी पुरानी पत्रावली सिंह, निक्कू सिंह, विजेंद्र सिंह, वेदप्रकाश सिंह, सतीश मुकेश कुमार, इंद्रपाल सिंह, सुमित्रा देवी, मूंगा देवी, माया आदि के नाम चरागाह भूमि का पट्टा कर दिया मिलने के बाद तहसील अधिकारियों ने सभी बीस पट्टा किए जाने की संस्तुति कर दी। 14 मई को भी सभी

दिए गए थे। राजस्व परिषद के सचिव के निर्देश पर आवंटी खाता धारकों के नाम निरस्त किए जाने को राजस्व परिषद लखनऊ की अध्यक्षता में हुई वीडियो गई थी। इस दौरान बिलारी तहसील के जटपुरा गांव मिन जुमला के बीस ग्रामीणों के नाम भूमि आवंटन 1997 में बिलारी में तैनात तत्कालीन एसडीएम द्वारा की जांच करने पर पता चला कि सोहन सिंह, उदयपाल कुमार, अजीत सिंह, राजीव सिंह, जंगबहादुर सिंह, भगवान देई, अनीता, उषा, सुमन तारा, सोमवती, गया।क्षेत्रीय लेखपाल और राजस्व निरीक्षक की जांच लेने वाले खाताधारकों के नाम चरागाह भूमि से निरस्त तहसीलों को भेजा था आदेश- राजस्व परिषद के निर्देशों के पालन में एडीएम प्रशासन संगीता गौतम ने 14 मई को जिले के सभी एसडीएम को इस संबंध में आदेश भेजा था। आदेश में कहा गया था कि विकसित पोर्टल चरागाह की भूमि पर अवैध कब्जे की सूचना की यथास्थिति और भूलेख पोर्टल में श्रेणी पांच 3, अकृषक व जलमग्न भूमि से संबंधित अद्यतन सूचना भेजी जाए। इस आदेश में चरागाह की भूमि को कब्जा मुक्त करने की बात भी कही गई थी। बंदोबस्त रिकॉर्ड से हो रहा वर्तमान खतौनियों का मिलान- तहसीलदार आदित्य कुमार ने बताया कि उच्चाधिकारियों के आदेश के पालन में बंदोबस्त रिकॉर्ड से वर्तमान खतौनियों का मिलान हो रहा है। तहसीलदार के अनुसार राजस्व संहिता की धारा 77 और जमींदारी विनाश अधिनियम की धारा 132 के तहत जो भी आरक्षित भूमि है उसकी जांच कराई जा रही है। यदि निर्धारित श्रेणी वाली भूमि का कहीं भी पट्टों के जरिए आवंटन करने का मामला सामने आएगा, तब ऐसे पट्टा धारकों और अवैध कब्जादारों के खिलाफ प्रभावी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सीलपुर में स्कूल की सरकारी भूमि पर कब्जेदारों को नोटिस- सीलपुर गांव में स्कूल के नाम की सरकारी भूमि पर कब्जे का मामला सामने आने पर तहसीलदार न्यायिक की अदालत से अवैध कब्जेदारों को नोटिस जारी कर दिया गया है। सीलपुर हल्के पर तैनात राजस्व लेखपाल खुशबू ने तहसीलदार की अदालत में रिपोर्ट भेजकर बताया कि गाटा संख्या 95 सरकारी भूमि है जो राजस्व अभिलेखों में स्कूल के नाम पर दर्ज है। इस भूमि पर जमील, साजिद, नबावजान, जुल्फेकार और गौहर आदि ने बुनियाद भरकर दीवार बनाकर और मकान बनाकर अवैध कब्जा कर लिया है। तहसीलदार न्यायालय से जानकारी करने पर पता चला कि लेखपाल की रिपोर्ट के आधार पर सभी अवैध कब्जेदारों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं।यह जांच रिपोर्ट उनकी बिलारी में तैनाती से पहले ही भेज दी गई है। जैसे ही इस रिपोर्ट के आधार पर जिला मुख्यालय से कोई आदेश आएगा, तब उसका पूर्ण रूप से पालन कराया जाएगा। - प्रिंस वर्मा, एसडीएम, बिलारी

संक्षिप्त समाचार

महिलाओं के लिए 10 बड़े सरकारी फायदे: LPG से लेकर बिजनेस लोन और मुफ्त कानूनी मदद तक

केंद्र और राज्य सरकारें महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही हैं। हालांकि, जानकारी के अभाव में अनेक पात्र महिलाएं इनका लाभ नहीं ले पातीं। यहां जानिए महिलाओं से जुड़ी 10 प्रमुख सरकारी योजनाओं और सुविधाओं के बारे में, जिनका लाभ संबंधित पात्रता और नियमों के अनुसार लिया जा सकता है। 1. प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना- इस योजना का उद्देश्य गरीब और पात्र परिवारों की महिलाओं को धुएं वाले पारंपरिक चूल्हों से राहत दिलाना है। इसके तहत पात्र महिलाओं को एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराया जाता है। सरकार समय-समय पर निर्धारित नीति के अनुसार एलपीजी सिलेंडर पर सब्सिडी भी प्रदान कर सकती है।2. सुकन्या समृद्धि योजना- बेटियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए यह एक लोकप्रिय बचत योजना है। माता-पिता या अभिभावक बेटी के नाम से खाता खुलवा सकते हैं। इसमें सरकार द्वारा तय ब्याज दर के अनुसार बचत बढ़ती है और भविष्य में उच्च शिक्षा या विवाह के लिए आर्थिक सहायता मिल सकती है।3. स्वयं सहायता समूह (SHG) स्वयं सहायता समूह महिलाओं को बचत, बैंकिंग और स्वरोजगार से जोड़ने का माध्यम है। इसके जरिए महिलाएं कम ब्याज पर ऋण लेने के साथ सिलाई, डेयरी, हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण और अन्य छोटे व्यवसायों का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकती हैं।4. प्रधानमंत्री मुद्रा योजना जो महिलाएं अपना व्यवसाय शुरू करना चाहती हैं या मौजूदा कारोबार का विस्तार करना चाहती हैं, वे पात्रता के अनुसार मुद्रा योजना के तहत बैंक से ऋण के लिए आवेदन कर सकती हैं। ऋण स्वीकृति बैंक की प्रक्रिया और पात्रता पर निर्भर करती है।5. मातृत्व लाभ (Maternity Benefit) संगठित क्षेत्र में कार्यरत पात्र महिलाओं को मातृत्व लाभ कानून के तहत प्रसूति अवकाश और अन्य सुविधाएं मिल सकती हैं। इसका उद्देश्य मां और नवजात शिशु के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।6. कार्यस्थल पर सुरक्षा (POSH Act) कार्यस्थल पर महिलाओं को यौन उत्पीड़न से सुरक्षा देने के लिए POSH कानून लागू है। इसके तहत संस्थानों में आंतरिक शिकायत समिति (ICC) गठित की जाती है, जहां महिला शिकायत दर्ज करा सकती है।7. जनधन खाता और DBT- यदि कोई महिला किसी सरकारी योजना की पात्र लाभार्थी है, तो डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (DBT) के माध्यम से सहायता राशि सीधे उसके बैंक खाते में भेजी जा सकती है। इसके लिए बैंक खाता और आवश्यक दस्तावेज अद्यतन होना जरूरी है।8. कौशल विकास कार्यक्रम- सरकार विभिन्न कौशल विकास योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को सिलाई, कंप्यूटर, डिजिटल मार्केटिंग, ब्यूटी एंड वेलनेस, फूड प्रोसेसिंग, हस्तशिल्प और अन्य क्षेत्रों में प्रशिक्षण उपलब्ध कराती है, जिससे रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ते हैं।9. राज्य सरकारों की महिला कल्याण योजनाएं- विभिन्न राज्यों में महिलाओं के लिए अलग-अलग योजनाएं संचालित की जाती हैं। इनमें आर्थिक सहायता, छात्रवृत्ति, स्वरोजगार, स्वास्थ्य सेवाएं, कौशल विकास और सामाजिक सुरक्षा जैसी सुविधाएं शामिल हो सकती हैं। इनके नियम और पात्रता राज्यवार अलग होते हैं।10. मुफ्त कानूनी सहायता- Legal Services Authorities Act के तहत पात्र महिलाओं को मुफ्त कानूनी सहायता मिल सकती है। घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, भरण-पोषण, संपत्ति विवाद या अन्य मामलों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (DLSA) से सहायता ली जा सकती है। भ्रामक दावों से रहें सावधान- सोशल मीडिया पर महिलाओं के खातों में पैसे भेजने या नई सरकारी योजनाओं के नाम पर कई भ्रामक दावे वायरल होते रहते हैं। किसी भी योजना का लाभ लेने से पहले उसकी जानकारी केवल सरकारी वेबसाइट, संबंधित विभाग, जन सेवा केंद्र या अधिकृत पोर्टल से ही सत्यापित करें। किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, बैंक खाते या आधार से जुड़ी गोपनीय जानकारी साझा न करें।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एन0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।
क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

कांवड़ यात्रा और उर्स को लेकर प्रशासन अलर्ट, डीएम-एसएसपी ने दिए सख्त निर्देश, 12 फीट से ऊंचा डीजे नहीं, नए रूट या नई परंपरा पर रोक

क्यूँ न लिखूँ सच /ब्यूरो / बरेली । जिलाधिकारी अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य ने कांवड़ यात्रा एवं आगामी उर्स-ए-आला हजरत को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में कांवड़ मार्गों की सड़क, सफाई, जलभराव, लटकते बिजली के तार, ट्रांसफार्मर और सुरक्षा व्यवस्थाओं को यात्रा शुरू होने से पहले दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए। डीएम ने स्पष्ट कहा कि कांवड़ यात्रा में कोई नई परंपरा लागू नहीं होगी और सभी विभाग आपसी समन्वय से व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। वहीं एसएसपी ने कहा कि डीजे व झांकी की कुल ऊंचाई वाहन सहित 12 फीट से अधिक नहीं होगी, परंपरागत रूट से हटकर कोई आयोजन नहीं होगा और डीजे पर आपत्तिजनक गीत बजाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। एसएसपी ने अफवाहों से बचने, सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश न फैलाने, प्रत्येक जत्थे की पुलिस को पूर्व सूचना देने, शिविरों में सीसीटीवी, फायर सेफ्टी, महिला शौचालय तथा स्वयंसेवकों के आई-कार्ड की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने या स्टंटबाजी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सीबीगंज, सिरौली, विशारतगंज और महिला थाना में नए प्रभारी किए तैनात

क्यूँ न लिखूँ सच /ब्यूरो / एसएसपी ने किया प्रशासनिक फेरबदल, चार थानों की बदली कमान बरेली। जनपद की कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बुधवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए चार निरीक्षक एवं उपनिरीक्षकों के तत्काल प्रभाव से स्थानांतरण कर दिए। आदेश के तहत निरीक्षक प्रदीप कुमार चतुर्वेदी को सीबीगंज से विशारतगंज भेजा , निरीक्षक छवि सिंह को महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन से महिला थाना प्रभारी बनाया गया है , उपनिरीक्षक विनोद सिंह को सिरौली से सीबीगंज का चार्ज मिला, तथा उपनिरीक्षक रोहित कुमार को बिहारीपुर चौकी (कोतवाली) से सिरौली थाना प्रभारी बनाया गया है। इन तबादलों को पुलिस व्यवस्था में कसावट और बेहतर कानून-व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

आदिवासी परिवारों को दिलाया गया भूमि का कब्जा, अवैध अतिक्रमण हटाया

क्यूँ न लिखूँ सच / राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देश पर राजस्व विभाग ने कार्रवाई करते हुए जनजातीय वर्ग के तीन परिवारों की भूमि से अवैध कब्जा हटाकर उन्हें वैधानिक कब्जा दिलाया। साथ ही कब्जाधारी पर 25 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया। जानकारी के अनुसार ग्राम हातोद निवासी कला पत्नी जनवेद आदिवासी, शीला पत्नी अतर सिंह तथा सुनील पुत्र अतर सिंह आदिवासी ने मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता की धारा 250 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर शिकायत की थी कि ग्राम हरनगर स्थित उनकी भूमि के सर्वे क्रमांक 330/2, 471, 476 एवं 559, कुल रकबा 2.5200 हेक्टेयर पर सिमरपाल सिंह एवं प्रतिपाल सिंह द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है। शिकायतकर्ता इस संबंध में जनसुनवाई में भी पहुंचे थे। कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार ने प्रकरण की जांच कराई। राजस्व विभाग द्वारा सीमांकन एवं मौका निरीक्षण के बाद अवैध कब्जाधारी को नोटिस जारी किया गया। सुनवाई के दौरान संबंधित व्यक्ति ने भूमि पर कब्जा होना स्वीकार किया, जिसके बाद बेदखली आदेश जारी किया गया। बुधवार को राजस्व अमले ने मौके पर पहुंचकर भूमि से अवैध कब्जा हटवाया और संबंधित आदिवासी परिवारों को उनकी भूमि का वैधानिक कब्जा सौंप दिया। कार्रवाई के दौरान सिमरपाल पुत्र सिंघारा सिंह सिख, निवासी ग्राम हरनगर पर 25 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में शासकीय एवं निजी भूमि पर अवैध कब्जों और अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

डिलारी पुलिस का आधुनिक अंदाज: एंटी-रायट अंजलि सूट पहनकर प्रभारी निरीक्षक ने किया पैदल गश्त, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

क्यूँ न लिखूँ सच / डिलारी। कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने के उद्देश्य से डिलारी पुलिस ने आधुनिक सुरक्षा उपकरणों के साथ क्षेत्र में पैदल गश्त की। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक ने एंटी-रायट अंजलि सूट पहनकर पुलिस बल के साथ बाजार, मुख्य चौराहों और संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण किया। गश्त के दौरान पुलिस टीम ने आम नागरिकों और व्यापारियों से संवाद कर सुरक्षा संबंधी फीडबैक लिया तथा लोगों से शांति और सौहार्द बनाए रखने में सहयोग की अपील की। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि पुलिस हर परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है और आधुनिक सुरक्षा उपकरणों के उपयोग से पुलिसकर्मियों की सुरक्षा के साथ-साथ कार्रवाई की क्षमता भी बढ़ती है। एंटी-रायट अंजलि सूट विशेष रूप से दंगा-नियंत्रण और हिंसक परिस्थितियों में पुलिसकर्मियों को अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। इस तरह के उपकरणों का उपयोग पुलिस की आधुनिक कार्यप्रणाली और तकनीकी रूप से सशक्त होने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पुलिस की इस पहल को क्षेत्रीय लोगों ने सकारात्मक बताया और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस के प्रयासों की सराहना की। अधिकारियों का कहना है कि भविष्य में भी इसी प्रकार नियमित पैदल गश्त और आधुनिक संसाधनों के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा।

शिक्षकों को योगी सरकार का बड़ा तोहफा, मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ

क्यूँ न लिखूँ सच /ब्यूरो / बरेली । प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा वाराणसी से मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ किया गया, जिसका सीधा प्रसारण बरेली के विकास भवन सभागार में देखा गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में शिक्षकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के बाद योजना के तहत पात्र शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के परिवारों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा के लिए चेक वितरित किए गए। वहीं डीबीटी के माध्यम से छात्र-छात्राओं को यूनिफॉर्म, जूते, मोजे, स्वेटर, स्कूल बैग और स्टेशनरी के लिए प्रति विद्यार्थी ?1200 की सहायता राशि प्रदान की गई। नव नामांकित बच्चों को पाठ्य-पुस्तकें एवं स्टेशनरी भी वितरित की गई। इस अवसर पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ एमओयू के बाद बैंक अधिकारियों ने विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार, सांसद छत्रपाल गंगवार, जिलाधिकारी अविनाश सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

छोटे से गांव रामगढ़ की बेटी मनीषा धाकड़ SI परीक्षा में चयनित, क्षेत्र में खुशी की लहर

क्यूँ न लिखूँ सच / हाकम सिंह रघुवंशी/ विदिशा लटेरी। तहसील की टोकरा पंचायत के छोटे से गांव रामगढ़ की बेटी मनीषा धाकड़ का सब-इंस्पेक्टर (SI) परीक्षा में चयन होने पर पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। ग्रामीण परिवेश और सीमित संसाधनों के बीच पली-बढ़ी मनीषा ने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के दम पर यह सफलता हासिल की है। मनीषा के पिता भगवत सिंह धाकड़ लटेरी शिक्षक विभाग में कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता गृहिणी हैं। परिवार ने हमेशा उन्हें शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रोत्साहित किया, जिसका परिणाम आज पूरे क्षेत्र के सामने है। मनीषा का जन्म ग्राम पंचायत टोंकरा के गांव रामगढ़ में हुआ, जहां उस समय प्राथमिक विद्यालय की सुविधा भी उपलब्ध नहीं थी। उन्होंने कक्षा 1 से 8 तक की शिक्षा माध्यमिक शाला टोकरा से प्राप्त की। इसके बाद कक्षा 9 से 12 तक की पढ़ाई शासकीय मॉडल स्कूल, लटेरी से पूरी की। उच्च शिक्षा के लिए मनीषा भोपाल गईं, जहां उन्होंने नूतन कॉलेज, भोपाल में अध्ययन किया। कॉलेज की पढ़ाई के साथ ही उन्होंने वहीं रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जारी रखी। लगातार परिश्रम और समर्पण का परिणाम रहा कि उनका चयन स्ब परीक्षा में हो गया। मनीषा की इस उपलब्धि पर परिवार, रिश्तेदारों, शिक्षकों, ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। ग्रामीणों का कहना है कि मनीषा की सफलता क्षेत्र की बेटियों और युवाओं के लिए प्रेरणादायक है तथा यह साबित करती है कि कठिन परिस्थितियों में भी दृढ़ इच्छाशक्ति और मेहनत से बड़ी सफलता प्राप्त की जा सकती है।

भैया होटल पर जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, अतिक्रमण हटाया; अवैध शराब, जेसीबी-डंपर और घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

क्यूँ न लिखूँ सच / राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देश पर जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने बुधवार को ग्राम ककरवाया स्थित भैया होटल पर छापामार कार्रवाई करते हुए शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाया। कार्रवाई के दौरान अवैध मदिरा का भंडारण, अवैध उत्खनन में प्रयुक्त मशीनरी तथा व्यावसायिक उपयोग में लिए जा रहे घरेलू एलपीजी सिलेंडर मिलने पर होटल को तत्काल सील कर दिया गया। राजस्व, आबकारी, खनिज, पुलिस और खाद्य विभाग के संयुक्त दल ने होटल परिसर की जांच की। होटल का संचालन दारासिंह पुत्र बारेलाल परिहार द्वारा किया जा रहा था। जांच में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण पाए जाने पर प्रशासन ने मौके पर ही अतिक्रमण हटवा दिया तथा संबंधित पर 25 हजार रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया। कार्रवाई के दौरान होटल में अवैध रूप से रखी गई बड़ी मात्रा में शराब की पेटियां जब्त की गईं। वहीं अवैध उत्खनन में उपयोग की जा रही एक जेसीबी, डंपर और ट्रॉली भी जब्त कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस की अभिरक्षा में सौंप दी गई। खाद्य विभाग की जांच में होटल में व्यावसायिक उपयोग के लिए छह घरेलू एलपीजी सिलेंडर उपयोग किए जाना पाया गया। इसके बाद विभाग ने सिलेंडरों को जब्त कर होटल के किचन एवं भोजन कक्ष को सील कर दिया। जिला प्रशासन ने होटल में पाई गई विभिन्न अनियमितताओं और अवैध गतिविधियों को गंभीर मानते हुए पूरे प्रतिष्ठान को सील कर दिया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय भूमि पर अतिक्रमण, अवैध खनन, अवैध मदिरा भंडारण तथा अन्य गैर-कानूनी गतिविधियों के विरुद्ध जिले में आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

आगरा में बारिश के बीच बड़ा हादसा: सुभाष बाजार में गिरी दुकान, पांच लोग मलबे में दबे; रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

